कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2020/2450 लखनऊःदिनांक 11 दिसम्बर,2020

यू0पी0 नीट यू0जी0–2020 की द्वितीय चक्र की ऑन लाईन च्वाईस फिलिंग हेतु आवश्यक निर्देश।

- द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में सीटों का आवंटन/उच्चीकरण (Allotment/Upgradation) द्वितीय चक्र की मेरिट सूची के आधार पर होगा।
- पंजीकरण के समय बनाया गया पासवर्ड, च्वाईस लॉकिंग (Choice Locking) एवं लॉगिन (Login) दोनो के लिये उपयोग में लाना है। च्वाईस फिलिंग (Choice filling) हेतु नीट रोल नम्बर तथा पासवर्ड से लॉगिन करें।
- पासवर्ड भूलने की दशा में फॉरगेट पासवर्ड (Forget Password)के लिंक का उपयोग करके नया पासवर्ड प्राप्त किया जा सकता है।
- विकल्पो को भरने (Choice filling) के उपरान्त उनको लॉक (Lock)करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक (Choice Lock) न करने की स्थिति में उनको सीट आवंटन की प्रकिया में सम्मिलित नही किया जायेगा।
- प्रथम चक्र की कांउसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी अपने पूर्व के मेडिकल/डेण्टल कालेज में कोई परिवर्तन नही चाहता है तो, ऐसे अभ्यर्थियों को द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में च्वाईस फिलिंग करने की कोई आवश्यकता नही है, उनकी पूर्व में प्रवेशित सीट यथावत् (Retain) रहेगी।
- प्रथम चक्र की कांउसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी को मेडिकल/डेण्टल कालेज में परिवर्तन करना है तो, ऐसे अभ्यर्थियों को द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी के मेरिट पर सीट अपग्रेड/परिवर्तित नही होती है तो पूर्व में प्रवेशित सीट यथावत् बनी (Retain) रहेगी।
- प्रथम चक्र की काउंसिलिग से प्रवेशित अभ्यर्थी, प्रवेशित सीट/कालेज का विकल्प न भरे। पुनः वही सीट आवंटित होने पर प्रवेश प्रकिया हेतु नामित नोडल सेन्टर पर उपस्थित होकर प्रवेश प्रकिया पूर्ण करनी होगी।
- नयी सीट के आवंटन की दशा में पुरानी प्रवेशित सीट का आवंटन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा, उस पर किसी भी दशा में कोई अधिकार नहीं रहेगा।
- द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में निजी क्षेत्र के अल्पसंख्यक कालेजों की सीटें यदि रिक्त रह जाती है तो ऐसी सीटें जनरल ओपन कैटेगरी से भरी जायेगी।
- ऑल इण्डिया की समर्पित सीटों को स्टेट कोटा की सीटों में सम्मलित करते हुये द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में प्रदर्शित की जा रही है।
- द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग से आवंटन के पश्चात् अभ्यर्थी को सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रकिया पूर्ण करनी होगी।
- SAC (Seat against cancellation) यह काल्पनिक सीट है, जिसके अन्तर्गत प्रदर्शित सीट का उद्देश्य उन सीटों के सापेक्ष सम्बन्धित कैटेगरी/सब कैटेगरी के अभ्यर्थियों से विकल्पों को लेना है। आवंटन के समय किसी अभ्यर्थी की सीट अपग्रेड होती है तो उसकी सीट पूर्व आवंटित (प्रवेशित) सीट के उसी कैटेगरी/सब कैटेगरी में चली जायेगी तथा नियमानुसार किसी और अभ्यर्थी को आंवटित हो जायेगी।
- द्वितीय चक्र से आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रकिया दिनांक 17.12.2020 से 20.12.2020 के मध्य सम्पन्न की जायेगी।
- महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक